11/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी के मेहदीगंज में तीन हजार 38 करोड़ रुपये से अधिक की 44 परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क अवसंरचना, बिजली, शिक्षा और पर्यटन में विकास शामिल हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम में गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना भी की।

0000000000000000000000

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज राष्ट्रीय पोषण माह पखवाड़ा दो हजार पच्चीस के तहत क्रा दादी जिले के पालिन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अरुणाचल की महिला एवं बाल विकास मंत्री दासांग्लु पुल, शहरी विकास मंत्री बालो राजा, विधायक जिक्के ताको, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त सचिव पल्लवी अग्रवाल, अरुणाचल सरकार की महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव मिमुम तायेंग, निदेशक टी. डल्बू. थोंगुन, क्रा दादी जिले के उपायुक्त चारु निल्ली और पुलिस अधीक्षक सेपराज परमे सहित कई अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद थे। **सही पोषण, देश रोशन** की थीम पर राष्ट्रीय पोषण पखवारा के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सब्जियों और अन्य खाद्‌य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। केंद्रीय मंत्री ने ब्याबांग हेरी गवर्नमेंट हायर सेकेंड्री स्कूल में पौधारोपण किया और न्यू एज लर्निंग सेंटर का जायजा

लिया। उन्होंने छात्रों को डिजिटल और इनक्लुसिव लर्निंग के लिए इस केंद्र की सराहना की।

00000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने पोंगतू कुह त्योहार के अवसर पर राज्यवासियों, विशेषकर तुत्सा समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि यह त्यौहार सभी के लिए शांति, खुशी और समृद्धि लेकर आएगा।

0000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायरड के.टी. परनाइक ने कल गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य में लायन सफारी में भाग लिया। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के वन्यजीव अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों में भी गिर के प्रबंधन के सफल मॉडल का अनुसरण करने की आशा व्यक्ति की। उन्होंने कहा कि वन्यजीव सफारी लुप्तप्राय प्रजातियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, आवासों को संरक्षित करने और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्यपाल ने कहा कि, सफारी संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी। साथ ही यह आग्रह भी किया कि स्थानीय लोगों को गाइड, आतिथ्य कर्मचारी और कारीगर के रूप में प्रशिक्षित किया जाये, इससे स्थायी आजीविका में वृद्धी के साथ ही जैव विविधता के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000

राज्य के गृहमंत्री मामा नातुंग ने आज यांगकांग गांव में एक नए पुलिस स्टेशन, यातदाम सर्कल और नामतोक ईएसी मुख्यालय के आसपास के गांवों की जलापूर्ति परियोजनाओं का उद्घाटन किया और चांगलांग जिले के यातदाम गांव में तुत्सा गुरुकुल की आधारशिला रखी। अपने दौरे पर, उन्होंने चांगलांग में पोंगतू कुह उत्सव में भी भाग लिया। सोशल मीडिया पोस्ट में गृहमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही एक फायर स्टेशन और एक महिला पुलिस स्टेशन भी यहा के लोगों को समर्पित करेगी।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के सबसे दूरस्थ और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक में शासन, विकास और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता, ने भारत-चीन सीमा पर स्थित जेमीथांग का अपना पहला आधिकारिक दौरा किया। यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की विकास क्षमता का आकलन करना था, साथ ही इसकी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक समृद्धि को भी बढावा देना है। मुख्य सचिव ने चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करने और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

0000000000000000000

तवांग जिले के मुक्तो में आज से भारतीय जनता पार्टी के छियालीसवें स्थापना दिवस के सप्ताह भर चलने वाले समारोह के उपलक्ष्य में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। पौधारोपण अभियान में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने सोशल मीडिया

पर एक पोस्ट में कहा कि यह पहल पर्यावरण स्थिरता के प्रति लोगों की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही भाजपा के संस्थापक मूल्यों- सेवा, सुशासन एवं अंतिम व्यक्ति के उत्थान का सम्मान करती है।

0000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर ने पूर्वानुमान लगाया है कि कामेंग, वेस्ट कामेंग, कामले, लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, अपर सियांग, अंजाव, लोहित और लोंगडिंग जिले येलो अलर्ट जोन में हैं। इन जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

000000000000000000000

अरुणाचल पब्लिशर्स एंड ब्रॉडकास्टर्स गिल्ड (APBG) ने कल राज्य के सूचना और जनसंपर्क मंत्री न्यातो दुकम को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में मीडिया को प्रभावित करने वाले लंबित मुद्दों के तत्काल निवारण की मांग की। APBG ने राज्य के डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का समर्थन करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) के तहत पर्याप्त धनराशि के वार्षिक आवंटन का भी अनुरोध किया। इसके अलावा, गिल्ड ने सरकार द्वारा हाल ही में एक डिजिटल बिलिंग प्रणाली को अपनाने की सराहना की।

000000000000000